# PTET PAPER
# 2023 KA PAPER





अन्य किसी भी प्रकार की PDF's के लिए
गूगल सर्च करें या क्लिक करें
Google
rajasthanclasses.in

# PTET ( Pre. B.Ed.)_2023

**आयोजन तिथि : 21 मई , 2023**

## भाग अ : मानसिक योग्यता

1. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए संयोजन की जल छवि के समान है।

**BK50RP62**

(1) BꓘƧ0ꓤꟼ9Ƨ (2) BKƧ0ꓤpə
(3) BKƧ0ᴚP6Ƨ (4) BKƧ0ꓤP6Ƨ (4)

**व्याख्या–** BK50RP62
BKƧ0ꓤP6Ƨ

2. नीचे दिए गए प्रश्न में तीन कथन और उसके बाद तीन निष्कर्ष *I*, *II* और III दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। सभी निष्कर्षों को पढ़ें और फिर तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौनसा सामान्य ज्ञात तथ्यों की उपेक्षा करते हुए दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

**कथन :** सभी स्कूल कॉलेज हैं।
कुछ यूनिवर्सिटी संस्थान हैं।
कोई स्कूल यूनिवर्सिटी नहीं है।

**निष्कर्ष :**

I. सभी कॉलेज यूनिवर्सिटी हैं, यह एक संभावना नहीं है।
II. कोई कॉलेज यूनिवर्सिटी नहीं है, यह एक संभावना नहीं है।
III. कुछ संस्थान स्कूल नहीं हैं, यह एक संभावना नहीं है।

(1) केवल I और II अनुसरण करते हैं।
(2) केवल II अनुसरण करता है।
(3) केवल III अनुसरण करता है।
(4) केवल I और III अनुसरण करते हैं। (4)

**व्याख्या–**




अत: केवल निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं।

3. फिल्म निर्देशक लकी की मुख्य भूमिका के लिए एक अभिनेता चाहता है जो मूल पटकथा में दिखाई देने वाले विवरण में पूरी तरह फिट बैठता हो। वह ऐसे अभिनेता पर विचार करने को तैयार नहीं है जो उस चरित्र से मिलता-जुलता नहीं है जैसा कि उसे पटकथा में वर्णित किया गया है, चाहे वह कितना भी प्रतिभाशाली क्यों न हो। पटकथा लकी को एक औसत आकार, चालीस के आसपास, लाल बालों वाला, गहरी भूरी आँखें, बहुत गोरी त्वचा और एक शानदार मुस्कान के रूप में वर्णित करता है। कास्टिंग एजेंट के दिमाग में चार कलाकार होते हैं।

**अभिनेता 1 :** एक शानदार लाल बालों वाला हैंडसम है जो 5'9" का है और वह अपने मध्य बीसवें वर्ष में है। उसकी आँखें भूरी हैं और उसका रंग जैतूनी है।

**अभिनेता 2 :** लाल बाल, गहरी भूरी आँखें और गोरा रंग है। वह अपने मध्य चालीसवें वर्ष में है और 5'5" का है।

**अभिनेता 3 :** 5'4" और मध्यम कदकाठी का है। उसके लाल बाल, भूरी आँखें हैं और वह अपने प्रारम्भिक चालीसवें वर्ष में है।

**अभिनेता 4 :** अपने प्रारम्भिक तीसवें वर्ष में एक नीली आँखों वाला लाल बालों वाला है। वह बहुत मामूली कदकाठी का है और 5' का है।

(1) 1, 2 (2) 2, 3
(3) 3, 4 (4) इनमें से कोई नहीं (2)

**व्याख्या–** दिए गए गद्यांश के आधार पर अभिनेता 2 तथा अभिनेता 3 का चयन मुख्य भूमिका के लिए किया जा सकता है।

4. सोहम ने अपने तीन दोस्तों को अपने बड़े स्क्रीन वाले टेलीविजन पर फुटबॉल का खेल देखने के लिए आमंत्रित किया है। वे सभी भूखे हैं, लेकिन कोई भोजन के लिए बाहर नहीं जाना चाहता। जिस समय वे इस बात पर बहस कर रहे होते हैं कि किसे खाना मँगवाना चाहिए, उस समय एक स्थानीय पिज्जेरिया के लिए टीवी स्क्रीन पर एक विज्ञापन आता है जो घर पर पिज्जा पहुँचाता है। स्क्रीन पर फोन नंबर थोड़ी देर के लिए चमकता है और वे सभी इसे याद करने की कोशिश करते हैं। जब तक सोहम कलम और कागज पकड़ता है, उनमें से प्रत्येक को एक अलग संख्या याद आती है।

# 1 :सभी पुरुष इस बात से सहमत हैं कि पहली दो सख्याएँ 67 हैं।
# 2 :तीन सहमत हैं कि तीसरी संख्या 2 है।
# 3 :उनमें से तीन इस बात से सहमत हैं कि चौथी संख्या 4 है।
# 4 :तीन सहमत हैं कि पाँचवीं संख्या चौथी संख्या से बड़ी है, लेकिन छठी संख्या से कम है।
# 5 :तीन सहमत हैं कि छठी संख्या 6 हैं; तीन अन्य भी सहमत हैं कि सातवीं संख्या 8 है।

इनमें से कौनसा नंबर पिज्जेरिया का टेलीफोन नंबर होने की सबसे अधिक संभावना है?

(1) 6726548 (2) 6724568
(3) 6724758 (4) अपर्याप्त डेटा (2)

**व्याख्या–** दिए गए कथनों के आधार पर 6724568 पिज्जेरिया का टेलीफोन नंबर होने की सबसे अधिक संभावना है।

5. महेश एक दोस्त के साथ काम कर रहा है ताकि वह अपने शहर में खिलौनों की दुकान खोलने की योजना बना सके। वह एक ऐसी जगह की तलाश में है जो या तो शहर के केंद्र में हो या उससे बहुत दूर न हो और जो सही प्रकार के पैदल यात्रियों

को आकर्षित करे। निम्नलिखित में से किस स्थान पर महेश के मित्र को उसका ध्यान आकर्षित करना चाहिए?

(1) शहर के केंद्र में ट्रेन स्टेशन के पास एक नई ऊँची इमारत में एक सड़क की ओर मुख वाली दुकान (स्टोरफ्रंट), जिसमें रहने वाले मुख्य रूप से युवा, नि:संतान पेशेवर हैं जो प्रत्येक दिन अपने कार्यालयों में जाने के लिए ट्रेन का उपयोग करते हैं।

(2) शहर की मुख्य सड़क से तीन ब्लॉक दूर एक छोटी सी दुकान, एक प्राथमिक विद्यालय से सड़क के उस पार और एक आइसक्रीम की दुकान के बगल में स्थित है।

(3) शहर के केंद्र से दस ब्लॉक दूर एक शांत आवासीय सड़क पर एक स्टैंड-अलोन स्टोरफ्रंट।

(4) शहर के बाहरी इलाके में स्थित एक छोटे स्ट्रिप मॉल में एक स्टोरफ्रंट जिसमें एक दवाई की दुकान और ड्राई क्लीनर का भी कब्जा है। (2)

**व्याख्या–** दिए गए गद्यांश के आधार पर महेश के मित्र को उसका ध्यान विकल्प (2) की ओर आकर्षित करना चाहिए।

6. हरियाणा पंजीकृत व्यावसायिक टैक्सी में हरियाणा से बगल के शहर (दूसरे राज्य) में यात्रा करते समय, आपका टैक्सी चालक आपको सूचित करता है कि उसके पास उस शहर में टैक्सी चलाने का कोई परमिट नहीं है, वह उसके परिवहन कार्यालय में रूकेगा और एक दिन के लिए ₹50 निर्धारित शुल्क का भुगतान करेगा। काउंटर पर शुल्क देते समय आप पाते हैं कि परिवहन क्लर्क ₹50 अतिरिक्त ले रहा है जिसकी कोई रसीद नहीं दी जा रही है। आप ऑफिस मीटिंग के लिए जल्दी में हैं। ऐसी परिस्थितियों में आप क्या करेंगे?

(1) बिल्कुल हस्तक्षेप न करें क्योंकि यह टैक्सी चालक और कर अधिकारियों के बीच का मामला है।

(2) घटना पर ध्यान दें और बाद में संबंधित अधिकारियों को मामले की सूचना दें।

(3) काउंटर पर जाएँ और क्लर्क से उस पैसे को वापस करने के लिए कहें जो उसने अवैध रूप से लिए हैं।

(4) इसे सामान्य मामला मानें और इसके बारे में भूल जाएँ। (2)

**व्याख्या–** दिए गए गद्यांश के आधार पर ऐसी परिस्थिति होने पर घटना पर ध्यान देना चाहिए और बाद में संबंधित अधिकारियों को मामले की सूचना देनी चाहिए।

7. आप एक विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं और एक विशेष विषय पर एक परीक्षा पत्र तैयार कर रहे हैं। आपका एक सहकर्मी, जिसकी बेटी उस विषय की परीक्षा की तैयारी कर रही है, आपके पास आता है और आपको सूचित करता है कि यह उसकी बेटी के पास परीक्षा उत्तीर्ण करने का आखिरी मौका है और क्या आप यह बताकर उसकी मदद कर सकते हैं कि परीक्षा में कौनसे प्रश्न पूछे जाने वाले हैं। पूर्व में आपके सहकर्मी ने किसी अन्य मामले में आपकी मदद की थी। आपके सहकर्मी ने आपको सूचित किया कि यदि वह इस परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो जाती है तो उसकी पुत्री अवसाद से ग्रस्त हो जाएगी। ऐसी परिस्थितियों में आप क्या करेंगे?

(1) उसने आपको जो मदद दी थी, उसे देखते हुए अपनी मदद उसकी ओर बढ़ाएँ।

(2) उच्च अधिकारियों को अपने सहयोगी के आचरण की रिपोर्ट करें।

(3) अपने सहयोगी को समझाएँ कि यह विश्वविद्यालय के अधिकारियों के विश्वास का उल्लंघन होगा और आप उसकी मदद करने की स्थिति में नहीं हैं।

(4) पछतावा करेंगे कि आप उसके लिए कोई मदद नहीं कर सकते हैं। (3)

**व्याख्या–** दिए गए गद्यांश के आधार पर ऐसी परिस्थिति में अपने सहयोगी को समझाएँ कि यह विश्वविद्यालय के अधिकारियों के विश्वास का उल्लंघन होगा और आप उसकी मदद करने की स्थिति में नहीं हैं।

8. नीचे दिए गए एक प्रश्न में एक कथन के बाद दो पूर्वधारणाएँ I और II दी गई हैं। एक धारणा कुछ मानी या ली गई है। आपको कथन और पूर्वधारणाओं पर विचार करना है और फिर निर्णय लेना है कि कौनसी पूर्वधारणा कथन में निहित है/हैं। आपको कथन को सत्य मानना है भले ही वह सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होता हो।

**कथन:** स्कूल ने ऐसे छात्रों को स्कूल से निकालने का फैसला किया है जो हिंसा पैदा कर रहे हैं और स्कूल में नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं।

**पूर्वधारणाएँ:**

I. छात्रों को स्कूल से निकालने से छात्र भविष्य में फिर कभी ऐसा नहीं करेंगे।

II. इस कार्रवाई से स्कूल में अनुशासन बना रहता है।

(1) केवल धारणा I अंतर्निहित है।

(2) केवल धारणा II अंतर्निहित है।

(3) या तो धारणा I या II अंतर्निहित है।

(4) न तो धारणा I और न ही II अंतर्निहित है। (2)

**व्याख्या–** कथन के आधार पर केवल पूर्वधारणा II अंतर्निहित है क्योंकि यह सही बात है कि जो छात्र स्कूल में हिंसा पैदा कर रहे है और नियमों का पालन नहीं कर रहे है। अगर उनको स्कूल से निकाल दिया जाए तो स्कूल में अनुशासन बना रहेगा। आगे इस प्रकार की कोई घटना स्कूल में नहीं होगी।

9. यदि किसी निश्चित कूट भाषा में EQUATION को ZFJVMLRG के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो उसी कूट भाषा में FORECAST को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

(1) EROFTSAC (2) ULIVXZHG

(3) EFORSATA (4) VILUGHZX (4)

**व्याख्या–**

जिस प्रकार–



उसी प्रकार–




10. दी गई श्रृंखला में समान पैटर्न का अनुसरण करते हुए लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।

29AI, 3CL8, FO47, 56JR, (?)

(1) 5OU6 (2) 6NV5 (3) 5OV6 (4) 6OU5 (4)

**व्याख्या–**




**नोट :** यह श्रृंखला विकल्पों के आधार पर निर्धारित की गई है इसलिए विकल्प (4) सही उत्तर है।

11. दोनों कथनों को पढ़ें और तय करें कि निम्नलिखित में से कौनसा उत्तर विकल्प इन दोनों कथनों के बीच संबंध को सही ढंग से दर्शाता है।

**कथन:**

I. कार निर्माण कंपनियों ने हाल ही में मध्यम आकार की कारों की कीमतों में वृद्धि की है।

II. सरकार ने हाल ही में मध्यम आकार की कारों पर शुल्क बढ़ाया है।

(1) कथन I कारण है और कथन II इसका प्रभाव है।

(2) कथन II कारण है और कथन I इसका प्रभाव है।

(3) कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारण हैं।

(4) कथन I और II दोनों स्वतंत्र कारणों के प्रभाव हैं। (2)

**व्याख्या–** दिए गए कथनों के आधार पर कथन-II कारण है और कथन-I इसका प्रभाव है। क्योंकि सरकार ने हाल ही में मध्यम आकार की कारों पर शुल्क बढ़ाया है इसलिए कार निर्माण कंपनियों ने हाल ही में मध्यम आकार की कारों की कीमतों में वृद्धि की है।

12. एक कंपनी को यह तय करने की आवश्यकता है कि क्या एक नए प्रौद्योगिकी मंच में निवेश करना है या अपने मौजूदा मंच का उपयोग करना जारी रखना है। यह निर्णय लेते समय कंपनी को किस कारक पर सबसे अधिक विचार करना चाहिए?

(1) नए मंच के संभावित लाभ

(2) मौजूदा सिस्टम के साथ नए मंच की अनुकूलता

(3) नए मंच में निवेश की लागत

(4) कर्मचारी उत्पादकता पर संभावित प्रभाव (1)

**व्याख्या–** वास्तविक जीवन के आधार पर अगर एक कंपनी नए प्रौद्योगिकी मंच में निवेश करना चाहती है तो सबसे अधिक उसे नए मंच के संभावित लाभ के बारे में अधिक विचार करना चाहिए।

13. छह पुस्तकें- अंग्रेजी, हिंदी, विज्ञान, कंप्यूटर, गणित और संस्कृत प्रत्येक में अलग-अलग पृष्ठों की संख्या है। कंप्यूटर की पुस्तक में केवल दो पुस्तकों की तुलना में कम पृष्ठ होते हैं। अंग्रेजी की पुस्तक में विज्ञान की पुस्तक से ज्यादा लेकिन संस्कृत की पुस्तक से कम पृष्ठ हैं। विज्ञान की पुस्तक में सबसे कम पृष्ठ नहीं हैं। संस्कृत की पुस्तक में हिंदी की पुस्तक की तुलना में कम पृष्ठ हैं। वह पुस्तक जिसमें तीसरे सबसे कम पृष्ठ हैं, उसमें 28 पृष्ठ हैं।

कितनी पुस्तकों में विज्ञान की पुस्तक से अधिक पृष्ठ हैं?

(1) चार (2) दो (3) तीन (4) उक्त कोई नहीं (1)

**व्याख्या–**

हिन्दी → सबसे ज्यादा पृष्ठ
↓
संस्कृत
↓
कम्प्यूटर
↓
अंग्रेजी
↓
विज्ञान
↓
गणित → सबसे कम पृष्ठ

अत: चार पुस्तकों में विज्ञान की पुस्तक से अधिक पृष्ठ है।

14. नीचे दिखाए गए चित्र में त्रिभुजों की संख्या गिनें।



(1) 26 (2) 27 (3) 28 (4) 30 (3)

**व्याख्या–**




- एकल त्रिभुज–

1. BGJ 2. AHG 3. BKJ 4. KLC
5. CLO 6. NOD 7. PIM

- दो आकृतियों से मिलकर बने त्रिभुज–

1. AJI 2. BIH 3. KOC 4. CMN
5. HFM 6. EIN 7. BGK 8. DML

- तीन या अधिक आकृतियों से मिलकर बने त्रिभुज–

1. FPB 2. CEP 3. BPL 4. JPC
5. BHD 6. BID 7. FGC 8. AMC
9. ANC 10. FBL 11. EBO 12. AKD
13. JEC

कुल त्रिभुज = 7 + 8 + 13 = 28

RAJASTHAN CLASSES
राजस्थान क्लासेज

15. दी गई उत्तर आकृतियों में से उसे चुनिए जिसमें प्रश्न आकृति सन्निहित है।

**प्रश्न आकृति :**



**उत्तर आकृतियाँ :**

(1)  (2) 

(3)  (4)  (2)

**व्याख्या –** 

अत: प्रश्न आकृति उत्तर आकृति (2) में सन्निहित है।

16. उस विकल्प का चयन करें जो दिए गए संयोजन की जल छवि के समान है।

GR98AP76ES

(1)  (2) 

(3)  (4)  (1)

**[PTET - 2023 (21-05-2023)]**

**व्याख्या –** GR98AP76ES



17. उस विकल्प का चयन करें जो नीचे दी गई पाँच आकृतियों में से तीन का प्रतिनिधित्व करता है जो एक-दूसरे में फिट होने पर एक पूर्ण चौकोर (वर्ग) बनाती हैं।



1 2 3 4 5

(1) 345 (2) 134 (3) 125 (4) 234 (4)

**व्याख्या –** आकृति 2, 3 तथा 4 को मिलाने से एक पूर्ण चौकोर (वर्ग) बनाती है।

18. दी गई उत्तर आकृतियों में से उसे चुनिए जिसमें प्रश्न आकृति सन्निहित है।

**प्रश्न आकृति :**



**उत्तर आकृतियाँ :**

(1)  (2) 

(3)  (4)  (3)

**व्याख्या –** 

अत: प्रश्न आकृति उत्तर आकृति (3) में सन्निहित है।

19. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

(i) M * N का अर्थ है M, N का पिता है।

(ii) M – N का अर्थ है M, N की बहन है।

(iii) M + N का अर्थ है M, N की माता है।

(iv) M / N का अर्थ है M, N का भाई है।

व्यंजक Q + D * P / N में, P, Q से किस प्रकार संबंधित है?

(1) दादा (2) पोता (3) बेटी (4) बेटा (2)

**व्याख्या –** 


अत: P, Q का पोता है।

20. 400 लोगों के एक नगर में 185 तमिल बोलते हैं, 165 पंजाबी बोलते हैं और 160 अंग्रेजी बोलते हैं। 40 केवल अंग्रेजी और तमिल दोनों बोलते हैं। 20 केवल पंजाबी और तमिल दोनों बोलते हैं। 10 केवल अंग्रेजी और पंजाबी दोनों बोलते हैं। कितने लोग केवल एक भाषा बोलते हैं?

(1) 310 (2) 201 (3) 210 (4) 301 (1)

**व्याख्या –**




तमिल = 185 – 20 – 40 – x = 125 – x

पंजाबी = 165 – 20 – 10 – x = 135 – x

अंग्रेजी = 160 – 40 – 10 – x = 110 – x

125 – x + 135 – x + 110 – x + 20 + 40 + 10 + x = 400

370 + 70 – 3x + x = 400

440 – 2x = 400

– 2x = 400 – 440

–2x = – 40

$x = \frac{40}{2} = 20$

केवल एक भाषा बोलने वाले लोग = 105 + 115 + 90 = **310**

21. बिंदु B, बिंदु A के 7 किमी पश्चिम में है। बिंदु C, बिंदु E के 12 किमी दक्षिण में है। बिंदु A, बिंदु C के 5 किमी पूर्व में है। बिंदु D, बिंदु C के 8 किमी उत्तर में है। बिंदु G, बिंदु D के 6 किमी पश्चिम में है। बिंदु H, बिंदु G के 14 किमी दक्षिण में है। यदि शुभम, बिंदु H के 6 किमी पूर्व में खड़ा है और 6 किमी की दूरी पूरी करने में 1 घंटा लेता है, तो वह कितने समय में बिंदु E पर पहुँचेगा, अगर उसके द्वारा सबसे छोटा रास्ता लिया जाए?

(1) 120 मिनट (2) 180 मिनट
(3) 115 मिनट (4) 159 मिनट (2)

**व्याख्या–**




6 km की दूरी 1 घंटे में तय करता है

तो 18 km की दूरी = $\frac{18}{6}$ = 3 घंटे यानि 180 मिनट में तय करेगा।

22. प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर उपयुक्त स्थान ढूँढ़िए।

16 : 22 : : 36 : ?

(1) 43 (2) 26 (3) 53 (4) 46 (4)

**व्याख्या–** जिस प्रकार– उसी प्रकार–




**(प्रश्न संख्या 23 व 24):** A से H तक के 8 व्यक्ति एक वर्गाकार मेज के चारों ओर इस प्रकार बैठते हैं कि 2 व्यक्ति प्रत्येक भुजा के मध्य में बैठते हैं। मेज के एक ओर बैठे व्यक्तियों का मुख मेज के ठीक विपरीत ओर बैठे व्यक्तियों की ओर है। A, E के ठीक दायें बैठा है। G का मुख उस व्यक्ति की ओर है जो B के बायें दूसरे स्थान पर है। A और G के बीच 3 व्यक्ति बैठे हैं। F और D के बीच दो व्यक्ति बैठे हैं (केवल एक तरफ से गिने जाने पर), जो E के निकट है। G और C के मध्य केवल एक व्यक्ति बैठा है (केवल एक ओर से गिने जाने पर)। A, F के निकट नहीं है।

**(व्याख्या: 23 व 24):**




23. निम्नलिखित में से कौन E की ओर उन्मुख व्यक्ति के दायें दूसरे स्थान पर बैठा है?

(1) C (2) D (3) F (4) या तो C या D (2)

**व्याख्या–** अत: E की ओर उन्मुख व्यक्ति G के दायें दूसरे स्थान पर D बैठा है।

24. E और F के मध्य कितने व्यक्ति बैठे हैं?

(1) 3 (2) 4 (3) 2 (4) उक्त कोई नहीं (1)

**व्याख्या–** अत: E और F के मध्य 3 व्यक्ति बैठे हैं।

25. स्कूल के प्रधानाचार्य को मध्यावकाश के दौरान स्कूल के प्रांगण में धमकाने के बारे में माता-पिता से शिकायतें मिली हैं। वह जल्द से जल्द इस स्थिति की जाँच और इसे समाप्त करना चाहते हैं, इसलिए उसने मध्यावकाश सहायकों को बारीकी से देखने के लिए कहा है। मध्यावकाश सहायकों को किस स्थिति की सूचना प्रधानाचार्य को देनी चाहिए?

(1) एक लड़की एक बेंच पर एक किताब पढ़ रही है और अपने साथियों के साथ बातचीत नहीं कर रही है।
(2) चार लड़कियाँ एक और लड़की के आस-पास हैं और ऐसा लगता है कि उसके बैकपैक पर कब्जा कर लिया गया है।
(3) दो लड़के बॉस्केट बॉल का एक-एक खेल खेल रहे हैं और आखिरी बास्केट स्कोर पर बहस कर रहे हैं।
(4) तीन लड़के हाथ से चलने वाले वीडियो गेम के लिए आपस में उलझे हुए हैं, जो स्कूल के मैदान में नहीं होना चाहिए। (2)

**व्याख्या–** गद्यांश के आधार पर मध्यावकाश सहायकों को विकल्प (2) की स्थिति की सूचना प्रधानाचार्य को देनी चाहिए।

26. श्रीमती दिक्षा ने लंच के लिए अपनी तीन सहेलियों से मिलने के लिए टैक्सी ली। वे रेस्टोरेंट के बाहर उसका इंतजार कर रही थीं जब वह कार में रूकी। वह अपनी सहेलियों से मिलने के लिए इतनी उत्साहित थी कि अपना बैग टैक्सी में ही छोड़ गई। जैसे ही टैक्सी चली गई, उसने और उसकी सहेलियों ने लाइसेंस प्लेट संख्या पर ध्यान दिया ताकि वे टैक्सी कंपनी को कॉल करने पर कार की पहचान कर सकें।

1. चारों महिलाएँ इस बात से सहमत प्रतीत होती हैं कि प्लेट की शुरुआत J अक्षर से होती है।
2. उनमें से तीन सहमत हैं कि प्लेट 12L के साथ समाप्त होती है।
3. उनमें से तीन सोचती हैं कि दूसरा अक्षर X है और अन्य तीन सोचती हैं कि तीसरा अक्षर K है।

नीचे दी गई चार लाइसेंस प्लेट संख्याएँ दर्शाती हैं कि चार महिलाओं में से प्रत्येक क्या सोचती है कि उसने क्या देखा। टैक्सी की लाइसेंस प्लेट संख्या कौनसी होने की संभावना सबसे अधिक है?

(1) JXK 121 (2) JYK 12L
(3) JXK 12L (4) JXX 12L (3)

**व्याख्या–** गद्यांश के आधार पर टैक्सी की लाइसेंस प्लेट संख्या JXK12L होने की संभावना सबसे अधिक है।

27. यदि किसी निश्चित कूट भाषा में DESERT को EGVHTU के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, तो उसी कूट भाषा में BUDGET को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?
(1) CVGKGU (2) CWJGHU
(3) CWGJGU (4) CVJGUG (3)

**व्याख्या –**

जिस प्रकार– उसी प्रकार

| D | E | S | E | R | T |
|---|---|---|---|---|---|
| +1 | +2 | +3 | +3 | +2 | +1 |
| E | G | V | H | T | U |

| B | U | D | G | E | T |
|---|---|---|---|---|---|
| +1 | +2 | +3 | +3 | +2 | +1 |
| C | W | G | J | G | U |

28. निम्नलिखित आकृति में चतुर्भुजों की संख्या गिनें।



(1) 7 (2) 8 (3) 10 (4) 12 (3)

**व्याख्या –**




* 10 चतुर्भुज निम्न प्रकार से हैं–

1. ABCH
2. ACDG
3. DEFG
4. AFEC
5. FGHE
6. ABCF
7. ABCE
8. AHDC
9. GHC
10. EDHF

29. निम्नलिखित प्रश्न में तीन आकृतियों X, Y और Z का एक सेट है जो कागज के एक टुकड़े को मोड़ने का क्रम दर्शाता है। आकृति Z उस तरीके को दिखाता है जिसमें मुड़े हुए कागज को काटा गया है। नीचे दी गई चार उत्तर आकृतियों में से एक ऐसी आकृति चुनें जो आकृति Z के खुले हुए रूप से सबसे अधिक मिलती-जुलती हो।

**प्रश्न आकृतियाँ:**



(X) (Y) (Z)

**उत्तर आकृतियाँ:**

(1) 
(2) 
(3) 
(4)  (2)

**व्याख्या –** 

अत: कागज को खोलने के बाद यह उत्तर आकृति (2) के समान दिखाई देगा।

30. यदि रेखा पर एक दर्पण रखा जाए, तो दी गई उत्तर आकृतियों में से कौनसी आकृति दी गई आकृति का सही प्रतिबिंब है?

**प्रश्न आकृति:**



**उत्तर आकृतियाँ:**

(1) 
(2) 
(3) 
(4)  (1)

**व्याख्या –** 

31. * चिह्न वाले फलक के विपरीत फलक पर कौनसा चिह्न होगा?




(1) @ (2) 8
(3) $ (4) + (2)

**व्याख्या –** पासा III तथा IV की तुलना करने पर–




अत: * वाले फलक के विपरीत फलक पर 8 आएगा।

32. यदि दर्पण को रेखा MN पर रखा जाए, तो दी गई उत्तर आकृतियों में से कौनसी आकृति दी गई आकृति का सही प्रतिबिम्ब है?




(1) ƧHИAGAI (2) IAGAИHƧ
(3) IAGANHS (4) IAGAИHS (2)

RAJASTHAN CLASSES

**व्याख्या–** SHNAGAI | IAGANHS (दर्पण प्रतिबिम्ब)

33. निम्नलिखित शब्दों को शब्दकोश के क्रम के अनुसार क्रम में रखें:

1. Successor  2. Successive
3. Successful  4. Success
4. Succession

(1) 4, 5, 3, 2, 1  (2) 3, 5, 4, 2, 1
(3) 4, 3, 5, 2, 1  (4) 1, 2, 3, 5, 4  (3)

**व्याख्या–** शब्दकोश के अनुसार क्रम इस प्रकार है–

4. Success  3. Successful
5. Succession  2. Successive
1. Successor

अत: 4, 3, 5, 2, 1 सही क्रम है।

34. दिए गए वैकल्पिक शब्दों में से वह शब्द चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता है।
LEGALIZATION

(1) ALERT  (2) GALLANT
(3) ALEGATION  (4) NATAL  (1)

**व्याख्या–** ALERT शब्द दिया गया शब्द LEGALIZATION के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता।

35. एक आदमी सिर नीचे और पैर ऊपर करके योग कर रहा है। उसका मुख पश्चिम की ओर है, उसका बायाँ हाथ किस दिशा में है?

(1) उत्तर (2) पूर्व (3) पश्चिम (4) दक्षिण (1)

**व्याख्या–**




अत: उसका बायाँ हाथ उत्तर दिशा में है।

36. नीचे दिये गये कूट के अनुसार उत्तर अंकित करें।

**अभिकथन (A):** कठोर जल में कपड़े ठीक से नहीं धोए जाते।

**कारण (R):** कठोर जल में अनेक खनिज होते हैं।

(1) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है।
(2) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(3) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है।
(4) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है।  (2)

**व्याख्या–** अभिकथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही है तथा (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

37. संख्या 0.64204, 0.64203, 0.64202, 0.64201 का औसत .......... है।

(1) 0.64202  (2) 0.642021
(3) 0.642022  (4) 0.642025  (4)

**व्याख्या–**

$$\frac{0.64204+0.64203+0.64202+0.64201}{4} = \frac{2.5681}{4}$$

$$= \boxed{0.642025}$$

38. 14 फरवरी, 2012 को सप्ताह का कौनसा दिन था?

(1) रविवार  (2) सोमवार
(3) मंगलवार  (4) बुधवार  (3)

**व्याख्या–** 14 फरवरी 2012 = ?

$$\frac{14+3+6+12+3}{7} = \frac{38}{7} = 3 \text{ शेष}$$

3 शेष का मतलब 3 का कोड मंगलवार होगा।
अत: 14 फरवरी, 2012 को मंगलवार था।

39. यदि किसी निश्चित कूट भाषा में HOPEFUL को KLSVIFO के रूप में लिखा जाता है, तो उसी कूट भाषा में CAPTAIN को कैसे कूटबद्ध किया जाएगा?

(1) FZSGZRO  (2) GEGSRDQ
(3) FZSGCLQ  (4) FZSGDRQ
(4)

**व्याख्या–**

जिस प्रकार–

H O P E F U L
+3, विपरीत अक्षर, +3, विपरीत अक्षर, +3, विपरीत अक्षर, +3
K L S V I F O

उसी प्रकार–

C A P T A I N
+3, विपरीत अक्षर, +3, विपरीत अक्षर, +3, विपरीत अक्षर, +3
F Z S G D R Q

40. प्रश्नवाचक चिह्न के स्थान पर उपयुक्त उत्तर ढूँढ़िए।
392 : 15 : : 521 : ?

(1) 7  (2) 13  (3) 17  (4) 21  (1)

**व्याख्या–** जिस प्रकार–

392 : 15
3×2 = 6+9 = 15

उसी प्रकार–

521 : 7
5×1 = 5+2 = 7

41. दी गई कागज की शीट (X) से बने बॉक्स को चुनें।



(X) (1) (2) (3) (4)

(1) केवल 1 और 2  (2) केवल 2 और 3
(3) केवल 3 और 4  (4) केवल 1 और 4  (4)

**व्याख्या–**




अतः विकल्प (4) के बॉक्स कागज की शीट को मोड़ने के बाद बन जाएंगे।

42. प्रारंभ में घड़ी में 1:30 PM बज रहे थे, 1,44,356 मिनट के बाद क्या समय होगा?
(1) 7:15 PM (2) 7:26 PM
(3) 7:30 PM (4) 8:00 PM (2)

**व्याख्या–** 1,44,356 मिनट के बाद समय 7 : 26 PM होगा।

43. कुंजन, लीला, मेहुल, निकुंज, ओम, प्रियांक और क्वीन खाने के लिए एक गोलाकार डाइनिंग टेबल पर बैठे हैं। क्वीन, प्रियांक और मेहुल के बीच नहीं है। ओम, कुंजन और निकुंज का पड़ोसी है। लीला, क्वीन के बायें दूसरे स्थान पर है। प्रियांक, कुंजन के ठीक दायें है। लीला के ठीक दायें कौन बैठा है?
(1) मेहुल (2) प्रियांक (3) कुंजन (4) क्वीन (1)

**व्याख्या–**




अतः लीला के ठीक दायें मेहुल बैठा है।

44. छात्रों की एक निश्चित संख्या एक सीधी रेखा में खड़ी है और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है। अरुंधति पंक्ति के दायें छोर से 19वें स्थान पर है और अरविंद पंक्ति के बायें छोर से 15वें स्थान पर है। अरुंधति और अरविंद दोनों ने अपने स्थान आपस में बदल लिए, जिसके बाद कीर्ति जो बाएँ छोर से 24वें स्थान पर थी। अब अरविंद के नए स्थान के बायीं ओर 5वें स्थान पर है। पंक्ति में कुल कितने छात्र हैं?
(1) 45 (2) 47
(3) 49 (4) निर्धारित नहीं किया जा सकता है (2)

**व्याख्या–**




पंक्ति में कुल छात्र = 19 + 29 = 48 – 1 = 47

45. खिलाड़ी पुरुष जो गैर-नर्तक (नर्तक नहीं है) और भारतीय हैं, किस संख्या द्वारा दर्शाए गए हैं?




(1) 5 (2) 7 (3) 10 (4) कोई नहीं (4)

**व्याख्या–** दिए गए विकल्पों के आधार पर कोई भी खिलाड़ी पुरुष जो गैर-नर्तक है और भारतीय है ऐसा कोई भी नहीं है।

46. उस बॉक्स को चुनें जो दिए गए कागज की शीट से बने बॉक्स (V) के समान है।



(V)



(a) (b) (c) (d)

(1) केवल (a) और (b) (2) केवल (c) और (d)
(3) केवल (a), (c) और (d) (4) केवल (d) (2)

**व्याख्या–**




अतः बॉक्स (c) तथा (d) बनाए जा सकते हैं।

47. 3:30 बजे घड़ी की घंटे की सूई और मिनट की सूई......का कोण बनाती है।
(1) 60° (2) 75° (3) 90° (4) 100° (2)

**व्याख्या–** $\frac{11 \times \text{मिनट} - 60 \times \text{बजे}}{2}$

$$\frac{11 \times 30 - 60 \times 3}{2}$$

$$\frac{330 - 180}{2} = \frac{150}{2} = 75°$$

अतः घड़ी की घंटे की सूई तथा मिनट की सूई के बीच 75° का कोण बनता है।

48. दी गई श्रृंखला में समान पैटर्न का अनुसरण करते हुए लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।
15, 17, 23, 35, 55, 82, (?)
(1) 92 (2) 112 (3) 120 (4) 127 (4)

**व्याख्या–** 




49. प्रश्न में कागज के एक टुकड़े को मोड़ा और काटा गया है, जैसा कि नीचे प्रश्न आकृतियों में दिखाया गया है। दिए गए विकल्प चित्रों से बताइये कि खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?



(1)  (2) 

(3)  (4)  (3)

**व्याख्या–** 

अत: कागज को खोलने के बाद यह उत्तर आकृति (3) के समान दिखाई देगा।

50. निम्नलिखित प्रश्न में कथन दिए गए हैं और इन कथनों के बाद निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है भले ही वे सर्वज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। निष्कर्षों को पढ़ें और फिर निर्धारित करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौनसा सामान्य ज्ञात तथ्यों की उपेक्षा करते हुए दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

**कथन:** सभी बोतलें बॉक्स हैं।
कुछ बॉक्स थैले हैं।
कुछ थैले सूटकेस हैं।

**निष्कर्ष:**

I. कुछ थैले बोतलें हैं।
II. कुछ सूटकेस बॉक्स हैं।
III. कुछ बोतलें थैले हैं।
IV. कुछ बोतलें सूटकेस हैं।

(1) केवल I
(2) केवल II
(3) केवल III
(4) इनमें से कोई नहीं (4)

**व्याख्या–** 




अत: कोई भी निष्कर्ष अनुसरण नहीं करता है।

## भाग-ब : शिक्षक अभिक्षमता एवं अभिवृत्ति

51. मान लीजिए कि एक शिक्षक छात्रों से गृह कार्य जमा करने के लिए कहता है। छात्र आमतौर पर लिखित दस्तावेज के रूप में असाइनमेंट तैयार करते हैं और शिक्षक को जमा कराते हैं। शिक्षक सत्रीय कार्य का मूल्यांकन करता है, सत्रीय कार्य में अपनी टिप्पणी/सुझाव लिखता है और छात्रों को वापस लौटाता है। इस स्थिति में संदेश कैसे दिया जाता है?
(1) गैर-मौखिक संचार (2) मौखिक संचार
(3) पारस्परिक संचार (4) अंतर्वैयक्तिक संचार (2)

52. मौखिक संचार में ____ संचार के माध्यम से संदेश देना शामिल है।
(1) व्यक्तिगत उपस्थिति और मौखिक
(2) मौखिक और लिखित
(3) लिखित और चेहरे की अभिव्यक्ति
(4) मौखिक और नेत्र संपर्क (2)

53. ____ तकनीक का उपयोग छात्रों के स्वभाव और व्यवहार को समझने के लिए किया जाता है।
(1) व्यक्तिगत उपस्थिति (2) मुद्रा
(3) हाव-भाव (4) नेत्र संपर्क (4)

54. संचार की प्रक्रिया के दौरान, ____ बाधा दोषपूर्ण भाव, खराब अनुवाद, अस्पष्ट शब्द और अनुपयुक्त शब्दावली का निर्माण करती है।
(1) शारीरिक (2) सामाजिक-सांस्कृतिक
(3) भाषा-संबंधी (4) मनोवैज्ञानिक (3)

55. 'ऑक्सीजन को $O_2$ द्वारा दर्शाया जाता है।' यह किस प्रकार का ज्ञान है?
(1) प्रक्रियात्मक ज्ञान (2) परासंज्ञानात्मक ज्ञान
(3) संकल्पनात्मक ज्ञान (4) तथ्यात्मक ज्ञान (4)

56. किस प्रकार का संचार एक संगठन के भीतर व्यक्तियों और समूहों को स्थापित संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए संवाद करने में सहायता करता है?
(1) अंतर्वैयक्तिक संचार (2) परावैयक्तिक संचार
(3) लघु समूह संचार (4) संगठनात्मक संचार (4)

57. सीखने के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य गलत है?
(1) सीखना एकात्मक है।
(2) सीखना व्यक्तिगत है, सामाजिक नहीं।
(3) सीखना व्यक्ति के व्यवहार को संशोधित करता है।
(4) सीखना जीवन में चुनाव करने में मदद करता है। (2)

58. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य 'अध्यापन' के लिए सही है?
(1) पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए गतिविधियों का संचालन करना।
(2) केवल एक व्यक्ति के विकास से संबंधित है।
(3) व्यवहार को बदलने के उद्देश्य से पारस्परिक प्रभाव का रूप
(4) सीखने का अनुकरण, मार्गदर्शन, दिशा और प्रोत्साहन (4)

59. मनोविज्ञान में जागरूकता ___ के बारे में एक अवधारणा है।
(1) घटनाओं को जानने, समझने और जानने की स्थिति
(2) कुछ जानने की स्थिति
(3) जागरूक होने की स्थिति
(4) इनमें से कोई नहीं (1)

60. शिक्षण प्रभावी नहीं है जब ______
(1) छात्र सक्रिय रूप से शामिल हैं।
(2) यह सुनियोजित है।
(3) विभिन्न परिस्थितियों को विभिन्न तकनीकों के साथ अनुकूलित किया जाता है।
(4) संचार प्रभावी रूप से पारस्परिक नहीं है। (4)

61. ______ अस्वास्थ्यकर संबंधों का प्रमुख स्रोत है।
(1) घबराहट (2) निराशा
(3) संस्थागत अराजकता (4) संस्थागत तनाव (4)

62. पारस्परिक संबंधों की प्रकृति और गुणवत्ता संस्था के ______ और _____ को बहुत प्रभावित करती है।
(1) वातावरण, कार्य (2) वातावरण, विकास
(3) वातावरण, लोकाचार (4) वातावरण, जीवन (3)

63. किसी शिक्षण संस्थान में निर्णय लेने के लिए कौनसा पदानुक्रम शीर्ष- तल दृष्टिकोण का अनुसरण करता है?
(1) निदेशक, प्रधानाध्यापक, प्रबंधन और अध्यापक
(2) प्रधानाध्यापक, अध्यापक, निदेशक और प्रबंधन
(3) प्रबंधन, निदेशक, प्रधानाध्यापक और अध्यापक
(4) अध्यापक, प्रधानाध्यापक, निदेशक, प्रबंधन (3)

64. अंतर्वैयक्तिक संबंधों के लिए दो महत्त्वपूर्ण और निर्णायक कारक कौनसे हैं?
(1) ईमानदारी और विश्वास
(2) विश्वास और सम्मान
(3) ईमानदारी और निर्णय
(4) विश्वास और सम्मान तथा ईमानदारी और निर्णय दोनों (2)

65. संस्थान का ______ कर्मचारी सदस्यों और प्रबंधन के बीच उचित व्यावसायिक संबंध बनाए रखने के लिए एक सेतु है।
(1) प्रमुख (2) पर्यवेक्षक
(3) निदेशक (4) समन्वयक (1)

66. 'शिक्षा पर SDG-4 शिक्षा 2023 का ढाँचा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नींव के लिए तौर-तरीकों को शामिल करने पर जोर देता है।' SDG-4 का क्या अर्थ है?
(1) सोशल डेवलपमेंट गोल
(2) सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल
(3) स्टैंडर्ड डेवलपमेंट गोल
(4) सिस्टम डेवलपमेंट गोल (2)

67. "शैक्षणिक लक्ष्यों और शैक्षणिक आवश्यकताओं पर केंद्रित छात्रों के साथ संबंधों को बनाए रखना ___ की जिम्मेदारी है।"
(1) संस्थान (2) प्रमुख (3) छात्र (4) अध्यापक (4)

68. निम्नलिखित में से कौनसे स्वस्थ अंतर्वैयक्तिक संबंधों को बढ़ावा देने के संकेत हैं?
(1) परस्पर सम्मान और साझा जिम्मेदारी
(2) लक्ष्यों के लिए पारस्परिक प्रतिबद्धता
(3) बातचीत करने और बातचीत में शामिल होने की कोई इच्छा नहीं है।
(4) परस्पर सम्मान और साझा जिम्मेदारी तथा लक्ष्यों के लिए पारस्परिक प्रतिबद्धता दोनों (4)

69. शिक्षक न केवल व्यक्तिगत रुचि के क्षेत्रों में, बल्कि पाठ्यक्रम के लक्ष्यों या उद्देश्यों के लिए प्रासंगिक सभी क्षेत्रों में _____ को बनाए रखने (या प्राप्त करने) के लिए जिम्मेदार है।
(1) दूसरों के साथ संबंध (2) शैक्षणिक ज्ञान
(3) अच्छी तरह से परिभाषित मानकों (4) विषय योग्यता (4)

70. _____ विशेष अध्ययन और प्रशिक्षण पर आधारित है; यह सीमित अवधि के लिए आबादी के एक सीमित वर्ग के लिए एक निश्चित उद्देश्य के लिए कुशल सेवा और मार्गदर्शन प्रदान करता है और इसे स्वतंत्र रूप से या किसी संस्था के भीतर अभ्यास किया जा सकता है।
(1) पेशा (2) नौकरी (3) प्रशिक्षण (4) कार्य (1)

71. इनमें से कौनसी व्यवसाय की विशेषता नहीं है?
(1) व्यवसाय आवश्यक सामाजिक सेवा प्रदान करता है।
(2) व्यवसाय अपने सदस्यों के निरंतर सेवाकालीन प्रशिक्षण की माँग करता है।
(3) व्यवसाय में आचार संहिता शामिल है।
(4) व्यवसाय विशेष ज्ञान और विस्तारित व्यावहारिक प्रशिक्षण के ढाँचे के आधिपत्य की माँग नहीं करता है। (4)

72. निम्नलिखित में से कौन सी शिक्षण व्यवसाय की विशेषता नहीं है?
(1) बौद्धिक संचालन में शामिल होना।
(2) कच्चे माल को एक व्यावहारिक और निश्चित अंत में बदलना।
(3) शैक्षिक रूप से संचारी तकनीक रखना।
(4) आत्म-संगठन की कमी। (4)

73. "शिक्षकों का व्यावसायिक विकास कोई घटना नहीं है, बल्कि यह एक प्रक्रिया है।" यह प्रक्रिया प्रकृति में _____ है।
(1) स्थिर (2) निरंतर (3) तेज (4) धीमी (2)

74. एक शैक्षिक संस्थान में सभी विद्यार्थियों के कल्याण और विकास के प्रति प्रतिबद्धता अनिवार्य रूप से एक _______ द्वारा प्रदर्शित की जाती है।
(1) अध्यापक (2) प्रधानाध्यापक
(3) प्रबंधन (4) निदेशक (1)

75. नीचे दिए गए कथनों में से कौन सा कथन विद्यार्थियों और विद्यार्थियों के अधिगम के प्रति शिक्षक की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित नहीं करता है?
(1) अध्यापक सभी विद्यार्थियों के साथ असमान रूप से और अनादर के साथ व्यवहार करते हैं।
(2) अध्यापक सभी विद्यार्थियों के साथ समान रूप से और सम्मान के साथ व्यवहार करते हैं।

राजस्थान क्लासेस

(3) अध्यापक सभी विद्यार्थियों के साथ सम्मान के साथ व्यवहार करते हैं।

(4) अध्यापक सभी विद्यार्थियों के साथ समान व्यवहार करते हैं। (1)

76. छात्रों के कल्याण और सीखने के प्रति शिक्षक की प्रतिबद्धता ______ के माध्यम से नहीं है।

(1) सकारात्मक प्रभाव (2) पेशेवर निर्णय

(3) अभ्यास में समानुभूति (4) सख्ती बनाए रखना (1)

77. एसटीईएम (STEM) पाठ्यक्रम क्या है?

(1) साइंस टेक्नोलॉजी एज्युकेशन एंड मैथेमेटिक्स

(2) साइंस टीचिंग इवेल्यूएशन एंड मैथेमेटिक्स

(3) साइंस टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग एंड मैथेमेटिक्स

(4) सोशियोलॉजी टेक्नोलॉजी एज्युकेशन एंड मैथेमेटिक्स (3)

78. निर्भरता-स्वतंत्रता के संदर्भ में ______ विविधताएँ महत्त्वपूर्ण विचार हैं।

(1) मनोवृत्ति (2) योग्यता (3) आयु (4) दिलचस्पी (3)

79. एक छात्र सामाजिक रूप से परिपक्व कैसे होता है?

(1) एक छात्र सामाजिक रूप से परिपक्व तब हो सकता है जब वह कुछ ऐसे लोगों के संपर्क में आता है जिनके साथ वह सहज होता है और तद्नुसार अपने विचारों को विकसित कर सकता है।

(2) एक छात्र सामाजिक रूप से परिपक्व तब हो सकता है जब वह उन लोगों के संपर्क में आता है जो सामाजिक रूप से परिपक्क हैं ताकि वह उसके अनुसार अपने व्यवहार को उसी के अनुरूप बना सके।

(3) एक छात्र सामाजिक रूप से परिपक्व तब हो सकता है जब वह स्वयं के संपर्क में आता है और अपने दम पर समाज की समझ विकसित करता है।

(4) इनमें से कोई नहीं (2)

80. ______ की प्रक्रिया के दौरान छात्र उस समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरना सीखते हैं, जिसमें वे रहते हैं।

(1) सामाजिक समायोजन (2) सामाजिक परिपक्वता

(3) सामाजिक विकास (4) सामाजिक न्याय (2)

81. ____ छात्र को यह जानने में मदद करता है कि उससे क्या वांछनीय और अपेक्षित है।

(1) प्रेरणा प्रदान करना

(2) सख्त और लक्षित वातावरण प्रदान करना

(3) छात्रों को उनकी इच्छा के अनुसार करने की अनुमति देना। (सुविधाजनक वातावरण)

(4) उपयुक्त प्रेरणास्रोत प्रदान करना। (4)

82. किसने 'प्ले वे' ('Play way') पद्धति की शुरुआत की?

(1) काल्डवेल कुक (2) फ्रोबेल

(3) मोंटेसरी (4) ब्लूम (1)

83. कौनसा कारक प्रभावित करता है कि एक माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाला छात्र यह समझे कि समाज उनसे इस उम्र में बचपन के व्यवहार की ओर लौटने की उम्मीद नहीं करता है?

(1) निर्भरता-स्वतंत्रता की अवधारणा

(2) आत्म-नियंत्रण

(3) तनाव

(4) सामाजिक परिपक्वता (2)

84. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए -

| | सूची-I (मापदंड) | | सूची-II (विवरण) |
|---|---|---|---|
| a. | नम्यता | 1. | प्रदर्शन के लिए स्पष्ट अपेक्षाएँ और मापदंडों को सेट करने की क्षमता |
| b. | लोगों को जवाबदेह | 2. | परिस्थितियों की जरूरतों के अनुकूल ठहराना होने और रणनीति बदलने की क्षमता और इच्छा |
| c. | विद्यार्थियों का प्रबंधन | 3. | विद्यार्थियों की सहायता करने और उन्हें आत्मविश्वासी स्वतंत्र शिक्षार्थी बनने में मदद करने की क्षमता |
| d. | सीखने का जुनून | 4. | स्पष्ट दिशा प्रदान करने और उन्हें उत्साहित करने और प्रेरित करने की क्षमता |

(1) a - 2, b - 1, c - 4, d -3

(2) b - 1, c - 3, d - 2, a -4

(3) c - 3, d - 4, a - 1, b -2

(4) d - 4, a - 2, b - 3, c -1 (1)

85. निम्नलिखित में से क्या नेतृत्व की अवधारणा को परिभाषित करता है?

(1) प्रभाव, निर्णायक, उम्मीदें

(2) प्रभाव, उम्मीदें, संबंध

(3) प्रभाव, संबंध, स्वैच्छिक प्रयास

(4) प्रभाव, स्वैच्छिक प्रयास, लक्ष्य उपलब्धि (4)

86. नेतृत्व में, ____ क्षमता को वास्तविकता में बदल देता है।

(1) विश्लेषक (2) उत्प्रेरक

(3) शिक्षाशास्त्री (4) सुविधाप्रदाता (2)

87. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | सूची -I (नेतृत्व मिथक) | सूची -II (विवरण) |
|---|---|---|
| a. | हर कोई नेता बन सकता है। | i. शायद ही कभी |
| b. | नेता परिणाम दे सकते हैं। | ii. आवश्यक रूप से नहीं |
| c. | शिखर पर पहुँचने वाले नेता बनते हैं। | iii. हमेशा नहीं |
| d. | नेता महान प्रशिक्षक होते हैं। | iv. सही नहीं है। |

राजस्थान क्लासेस

(1) d - i, a -ii, b - iv, c - iii
(2) b - i, c -iii, d - iv, a - ii
(3) a - iv, b -iii, c - ii, d - i
(4) c - i, d -ii, a - iii, d - iv (3)

88. गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आईसीटी (ICT) के उपयोग पर ______ द्वारा प्रकाश डाला गया था।
(1) एनसीएफ - 2005 (2) एनसीएफ - 2009
(3) एनईपी - 1968 (4) एनईपी - 2020 (1)

89. नीचे दिए गए नेतृत्व विकास के लिए मजबूत आधार हैं। सूची-I को सूची II से सुमेलित कीजिए :

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| a. | जिम्मेदार नेता | i. | उनके स्कूल के साथ-साथ आजीविका और व्यक्तिगत जीवन के लिए एक दीर्घकालिक योजना रखें। |
| b. | केंद्रित करना | ii. | उनके कार्यों के लिए मनोवैज्ञानिक स्वामित्व लें। |
| c. | उद्भावना | iii. | पहचान की जरूरत होती है जो सफलता के साथ आती है। |
| d. | विश्वसनीयता | iv. | लगातार उनके दिमाग को नए विचारों से भरते रहें। |

(1) a - ii, b -i, c - iv, d - iii
(2) b - ii, c -i, d - iv, a - iii
(3) c - ii, d -i, a - iv, b - iii
(4) d - ii, a -i, b - iv, c - iii (1)

90. निम्नलिखित में से कौन सी शैक्षिक प्रणाली में नेतृत्व की विशेषताएँ हैं?
i. उदाहरण और प्रेरणा से नेतृत्व करें।
ii. व्यक्तिगत कार्यक्रमों का मार्गदर्शन करें, लेकिन उनके फैसले पर भरोसा करें।
iii. सामंजस्य उत्पन्न करें जिसके बिना सहयोग असंभव है।
iv. बढ़ते हुए संगठन में उत्पन्न होने वाले मतभेदों को हल न करें क्योंकि प्राथमिकता संगठन की वृद्धि है।
v. उपयोगी सुझावों को आगे बढ़ाकर समूह में योगदान दें।
(1) i, iii, iv (2) ii, iii, v
(3) i, iii, v (4) ii, iii, iv (3)

91. नेता की दूरदर्शिता का संचार, अपने सपनों को दूसरों के सामने प्रकट करना और लोगों को उनके साथ जोड़ना ___ है।
(1) ध्यान का प्रबंधन (2) अर्थ का प्रबंधन
(3) विश्वास का प्रबंधन (4) स्वयं का प्रबंधन (2)

92. नेतृत्व में सबसे आवश्यक कारक कौन से हैं?
(1) अनुयायी, नेता और स्थिति
(2) अनुयायी, स्थिति और संचार
(3) नेता, स्थिति और संचार
(4) नेता, अनुयायी, स्थिति और संचार (4)

93. शिक्षण के दौरान सीखने की प्रगति की निगरानी करने वाला मूल्यांकन ______ है।
(1) योगात्मक मूल्यांकन
(2) प्लेसमेंट मूल्यांकन
(3) अविरत (formative) मूल्यांकन
(4) नैदानिक मूल्यांकन (3)

